Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Union Budget (2022-23)-laid.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): अमृत काल में विकास की गति बढ़ाते हुये समृद्ध भारत की नीव रखने वाले इस 2022-23 के बजट का स्वागत है । वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को इस हेतु हार्दिक बधाई । इस बजट से यह स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि देश की बागडोर एक लोकप्रिय संवेदनशील राजनेता व दृष्टा (विजनरी) के हाथों में है । और आजादी के इस अमृत काल में हम तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ रहे है । पूंजीगत व्यय में बढोत्तरी इस बजट की विशेषता है । गत वर्ष से बढाकर 7.5 लाख करोड रुपये किया गया है । अधोसंरचना परियोजनाओं में सरकारी निवेश में वृद्धि के साथ बडे पैमाने पर निजी निवेश आने की अपेक्षा है । इन योजनाओं में तेजी से सीमेंट व लोहे जैसी अनेकों वस्तुओं की मांग में वृद्धि होगी । लाखों नये रोजगार का सृजन होगा । आवश्यकता इस बात की है इन योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से हो जिससे इसके परिणाम शीघ्र दिखाई देंगे ।

कोरोना महामारी का दंश कम करने के लिये सरकार ने आम आदमी के लिये अनेकों जनकल्याणकारी योजनायें चलाई है । विशेषकर नौकरी पेशा, मध्यम वर्ग के लोगों को भी कुछ राहत देने हेतु आयकर में रियायत दिये जाने की अपेक्षा है । आशा है सरकार इस ओर गंभीरता से विचार करेगी ।